शनिवार

19 अगस्त, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




रानीगंज में दिनदहाड़े वारदात: अपराधियों ने घर का दरवाजा खुलवा, सीने में दाग दी गोली





### पीएम नरेंद्र मोदी ने क्षेत्रीय पंचायती राज्य परिषद कार्यक्रम को किया संबोधित, बोले...

# हर जिले के विकास से ही देश होगा विकसित

♦ पीएम मोदी ने जिला पंचायत सदस्यों से हर साल तीन परियोजनाओं को प्राथमिकता के तौर पर लेने के लिए बैठक करने का किया आग्रह

**एजेंसी/नई दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को क्षेत्रीय पंचायती राज्य परिषद कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के जिला पंचायत सदस्यों से विभिन्न विकास पहलों को जन-आंदोलन बनाने के लिए काम करने का आग्रह किया और कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लिए हर गांव, तहसील और जिले में विकास का दीपक जलाना है। पीएम ने कहा कि हमें हर जिले के स्तर को ऊपर ले जाना है। इसके लिए 5 साल के लिए लक्ष्य तय करें। प्रधानमंत्री ने जिला पंचायत सदस्यों से हर साल तीन परियोजनाओं को प्राथमिकता के तौर पर लेने के लिए बैठकें आयोजित करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय निकायों के लिए कोष कई गुना बढ़ गया है और संसाधन कोई बाधा नहीं है।



गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों के स्थानीय निकाय सदस्यों की 'क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद' को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास भाजपा के लिए केवल एक नारा नहीं है और उन्हें इसे हर पल आत्मसात करना चाहिए। यह सम्मेलन दादर और नगर हवेली और दमन एवं दीव में आयोजित किया जा रहा है, जहां प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे।

## 30 हजार से ज्यादा बना चुके हैं नए जिला पंचायत भवन

पीएम मोदी ने कहा कि साल भर में हमें 4-5 अवसर ऐसे निकालने चाहिए, जिसमें सरकार के नेतृत्व में, पंचायत के नेतृत्व में पूरे जिले का जन सामान्य उससे जुड़ जाए। इस कार्यक्रम में पीएम ने परिसंपत्ति निर्माण के लिए मनरेगा बजट के एक हिस्से का उपयोग करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, पहले 70 हजार करोड़ रुपये का अनुदान मिलता था, आज वह 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। हम 30 हजार से ज्यादा नए जिला पंचायत भवन बना चुके हैं।

**हम संगठन में विश्वास करते हैं :** पीएम ने ये भी कहा कि हम संगठन में विश्वास करते हैं, हम संस्कारों में विश्वास करते हैं, हम समर्पण में विश्वास करते हैं और हम सामूहिकता के संस्कारों के साथ सामूहिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ें और जो जिम्मेदारी मिले उसके लिए निरंतर अपनी योग्यता और अपना कौशल बढ़ाते जाएं। पहले मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री के रूप में अपने अनुभव का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि स्थानीय निकायों में विभिन्न पदों पर कार्यरत लोगों को प्राथमिकता के तौर पर अपने गांवों और जिलों के लिए कुछ काम करना चाहिए तथा लोगों का समर्थन प्राप्त करके इसे सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए। पीएम ने कहा कि केंद्र में सत्ता में आने पर उन्होंने शौचालय बनाने और गरीबों के लिए बैंक खाते खोलने का फैसला किया।

## विश्वकर्मा योजना के लिए 13 हजार करोड़ का प्रारंभिक बजट

आपको बता दें कि 15 अगस्त को लाल किले पीएम ने पीएम विश्वकर्मा योजना' शुरू करने की घोषणा की थी। इसका जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि 13 हजार करोड़ रुपये का एक प्रारंभिक बजट बनाया और पीएम विश्वकर्मा योजना को मंजूरी दी। 17 सितंबर को एक बड़ा समारोह करके इस योजना को आगे बढ़ाने वाले हैं। इससे 30 लाख परिवारों को लाभ मिलेगा। कहा कि पार्टी चुनाव जीतने के लिए ऐसा नहीं कर रही, बल्कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की दिशा में काम कर रही है। यह तभी संभव है, जब सभी का साथ मिले।

## दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की मांग पर 2024 का चुनाव लड़ेगी आप

**नई दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 2024 के चुनाव का अपना एजेंडा सेट कर दिया है। उन्होंने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में ऐलान किया कि अगला लोकसभा चुनाव दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने के मसले पर लड़ा जाएगा। साथ ही उन्होंने ये भी दावा कि दिल्ली में बीजेपी सभी सीटों पर हारेगी।

दिल्ली सर्विस कानून पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार ने कानून बनाकर दिल्ली की जनता के अधिकार छीन लिए, लेकिन मैं दिल्ली के लोगों को आश्वासन देता हूं कि आपको आपके अधिकार वापस दिलाकर रहूंगा, हम किसी भी हालत में दिल्ली के काम रुकने नहीं देंगे। बता दें कि, दिल्ली सर्विस बिल हाल ही में संसद के मानसून सत्र में दोनों सदनों में पारित किया गया था।

## 3डी प्रिंटिंग तकनीक से निर्मित देश के पहले डाकघर का उद्घाटन

**एजेंसी/बेंगलुरु**

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को देश को एक बड़ी सौगात दी है। उन्होंने बेंगलुरू में 3डी प्रिंटिंग तकनीक से निर्मित देश के पहले डाकघर का उद्घाटन किया। डाक विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बेंगलुरू के कैम्ब्रिज लेआउट में डाकघर के उद्घाटन के बाद वहां कामकाज शुरू हो जाएगा। यह पोस्ट ऑफिस 1,021 वर्ग फुट क्षेत्र में बनाया गया है। पहले थ्री डी पोस्ट ऑफिस के उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने ट्वीट किया, कैंब्रिज लेआउट, बेंगलुरु में भारत का पहला 3डी प्रिंटेड पोस्ट ऑफिस देखकर हर भारतीय को गर्व होगा. यह हमारे देश के नवाचार और तरक्की का एक प्रमाण है। यह आत्मनिर्भर भारत की भावना का भी प्रतीक है।

इस आधुनिक डाकघर को 1,021 वर्ग फुट में बनाया गया है। इसका निर्माण 3डी कंक्रीट प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करके किया गया है,



रोबोटिक प्रिंटर द्वारा बनाई गई डिजाइन के अनुसार इसमें कंक्रीट की परत दर परत जमा की जाती है। एलएंडटी का कहना है कि यह रोबोटिक की मदद से पूर्व-एम्बेडेड डिजाइन को शामिल किया गया है, इस तकनीक से निर्माण को 43 दिनों में पूरा कर लिया गया जबकि पारंपरिक तरीके से करीब 6 से 8 महीने लगते हैं। इस तकनीक की वजह से महज 23 लाख की लागत आई है जो पारंपरिक तरीके से खर्च होने वाली राशि से 30 से 40 फीसद कम है। भवन निर्माण में मशीन और रोबोट का इस्तेमाल किया गया है। भवन में कोई वर्टिकल जोड़ नहीं है। 3-डी प्रिंटिंग तकनीक डेनमार्क से आयात की गई थी।

# अमेठी से चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधी, प्रियंका जहां से कहेंगी उनका पूरा समर्थन करेंगे: अजय राय

**एजेंसी/वाराणसी**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष बनाए जाने के बाद अजय राय पहली बार अपने गृह जनपद वाराणसी पहुंचे। कांग्रेस नेता ने कहा कि न तो अजय राय तब झुका था और न ही आगे झुकेगा। कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जो विश्वास किया है उस विश्वास को लेकर आम जनता में जाएंगे। अजय राय ने बताया कि 2014 और 2019 में जो जिम्मेदारी उनको दी गई थी उसे पर वह खरे उतरे हैं और हमेशा से अच्छा कार्य करके दिया है।



क्या राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे? इस पर अजय राय ने कहा कि बिल्कुल लड़ेंगे और अमेठी के लोग यहां आए हैं। प्रियंका गांधी जहां से कहेंगी उनका पूरा समर्थन हम करेंगे। वहीं स्मृति ईरानी पर कहा कि वो बौखलाई हुई हैं. उन्होंने कहा था कि कमल का बटन दबाइए 13 रुपए किलो चीनी मिलेगी, क्या वो दिलवा पाईं? कांग्रेस नेता ने कहा कि इस प्रदेश में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी, महंगाई और लोगों को डराकर अपने साथ लेने का है। वे लोगों को इडी, सीबीआई का डर दिखाकर माहौल बना रहे हैं।

अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक जो प्यार का पैगाम दिया है, खड़गे साहब ने और हमारी नेता प्रियंका गांधी का जो संदेश है उसे कांग्रेस पार्टी के प्रदेश के कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंचाएंगे।

## तहव्वुर राणा को जल्द ही प्रत्यर्पण के जरिए भारत लाया जाएगा

**मुंबई।** मुंबई आंतकी हमले के पब्लिक प्रॉसिक्यूटर उज्ज्वल निकम ने कहा है कि मामले में आरोपी पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी तहव्वुर राणा को जल्द ही प्रत्यर्पण के जरिए भारत लाया जाएगा। निकम का बयान अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता वेदांत पटेल की उस टिप्पणी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने 26/11 के मुंबई हमलों में शामिल लोगों को न्याय के कटघरे में लाने की मांग की थी। पटेल ने कहा कि फिलहाल तहव्वुर राणा की प्रत्यर्पण प्रक्रिया लंबित है। तहव्वुर राणा 2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमले में शामिल होने के आरोपों का सामना कर रहा है।

# देश में इस वर्ष प्राकृतिक आपदा से 2038 लोगों की मौत

♦ केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी किया आंकड़ा, सबसे अधिक 518 मौतें बिहार में

**एजेंसी/नई दिल्ली**

देश में इस साल मानसून के दौरान बाढ़, बिजली गिरने और भूस्खलन के कारण कम से कम 2,038 लोगों की मौत हुई है, जिसमें बिहार में सबसे अधिक 518 और हिमाचल प्रदेश में 330 लोगों की मौत हुई। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए आंकड़ों के अनुसार, इस साल एक अप्रैल से 17 अगस्त के बीच बारिश और बाढ़ के कारण 101 लोग लापता हो गए जबकि 1,584 लोग घायल हो गए।



बारिश, भूस्खलन और बिजली गिरने से देश के 335 जिले प्रभावित हुए हैं, जिनमें मध्य प्रदेश के 40 जिले हैं, जबकि असम के 30 और उत्तर प्रदेश के 27 जिले प्रभावित हुए हैं। मानसून के दौरान बाढ़ और भूस्खलन से हिमाचल प्रदेश के 12 जिले और उत्तराखंड के सात जिले भी प्रभावित हुए हैं।

गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में बाढ़ के कारण 892 लोग डूब गए, जबकि बिजली गिरने से 506 लोगों की मौत हो गई, वहीं भूस्खलन से 186 लोगों की मौत हो गई। मानसून के दौरान विभिन्न अन्य वजहों से कुल 454 लोगों की भी मौत हुई। बिहार और हिमाचल प्रदेश के अलावा, गुजरात में बारिश, बाढ़, भूस्खलन और बिजली गिरने से 165, मध्य प्रदेश में 138, कर्नाटक और महाराष्ट्र में 107-107, छत्तीसगढ़ में 90 और उत्तराखंड में 75 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की कुल 160 टीमें विभिन्न राज्यों में तैनात की गई हैं। आंकड़ों में बताया गया है कि हिमाचल प्रदेश में एनडीआरएफ की 17 टीमें तैनात की गई हैं, जबकि महाराष्ट्र में 14, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में 12-12, असम और पश्चिम बंगाल में 10-10 और उत्तराखंड में नौ टीमें तैनात की गई हैं।




विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441




! मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा,

रानीगंज में दिनदहाड़े वारदातः अपराधियों ने घर का दरवाजा खुलवा सीने में दाग दी गोली

# अररिया में पत्रकार की गोली मारकर हत्या

- सुपौल जेल में बंद रूपेश ने रची थी हत्या की साजिश
- चार साल पहले भाई की हत्या में मुख्य गवाह थे पत्रकार विमल

**केटी न्यूज/पटना**





अररिया के रानीगंज में दिनदहाड़े दैनिक अखबार के पत्रकार विमल यादव (36) की हत्या कर दी गई। अपराधियों ने घर के दरवाजे पर चढ़कर मेन गेट खुलवाया। जैसे ही पत्रकार गेट पर आए वैसे ही सीने में गोली दाग दी। हत्या के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने शव क[illegible] कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि सुपौल जेल में बंद रूपेश ने ही हत्या की साजिश रची थी। उसने जेल से ही हत्या की सुपारी दी थी।

परिजनों का कहना है कि 4 साल पहले यानी अप्रैल 2019 में विमल यादव के छोटे भाई गब्बू यादव की हत्या कर दी गई थी। उस वक्त गब्बू यादव बेलसरा पंचायत के सरपंच थे। विमल अपने भाई की हत्याकांड के मुख्य गवाह थे। केस का स्पीडी ट्रायल चल रहा था। विमल की मुख्य गवाही होनी थी। अचानक उनकी हत्या कर दी गई। परिजनों का कहना है कि जिसने गब्बू यादव की हत्या करवाई, उसने ही विमल की हत्या की सुपारी दी है। गवाही के बाद आरोपी को डर था कि उसे उम्रकैद की सजा न हो जाए इसलिए बचने के लिए उसने ऐसा किया।

### विमल को हमेशा सताता था हत्या का डर

परिजनों का आरोप है कि विमल यादव ने खुद की सुरक्षा को बंदूक के लाइसेंस के लिए भी अप्लाई किया था। कई बार आवेदन देने पर भी बंदूक का लाइसेंस नहीं मिल पाया। परिजनों ने प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाया। एक सप्ताह पहले भी विमल ने अपने दोस्तों से कहा था उनकी जान को खतरा है। कुछ अपराधी लगातार उनका पीछा करते हैं। डर लगता है कहीं अपराधी उसे मार न दें। भाई की मौत के बाद विमल ही अपने माता पिता का सहारा थे। अररिया एसपी का कहना है कि वारदात को दो अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया है। दोनों

## बिहार में हो रही हत्या के लिए सीएम नीतीश जिम्मेदार: चिराग

**पटना।** अररिया के रानीगंज में पत्रकार की गोली मारकर हत्या की घटना के बाद लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोला है। चिराग ने कहा अगर बिहार में एक भी हत्या हो रही है तो उसके लिए सीएम नीतीश जिम्मेदार हैं। मुख्यमंत्री को उन परिवार के पास जाकर देखना चाहिए, जिन्होंने अपने एकमात्र खिलाने-कमाने वाले को खोया है। चिराग पासवान ने बिहार में कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अपराध किसी भी तरह का हो, इसका मतलब ये नहीं कि आपका अपराध, अपराध नहीं है। चिराग ने सीएम नीतीश के उस बयान पर पलटवार किया जिसमें उन्होंने कहा था कि आंकड़ों के मुताबिक बिहार में सबसे कम क्राइम है। पासवान ने कहा कि आप आंकड़ों पर मत जाइए।

# सीबीआई ने चारा घोटाला केस में लालू प्रसाद की जमानत को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

- सुप्रीम कोर्ट में 25 अगस्त को होगी याचिका पर सुनवाई
- झारखंड हाईकोर्ट ने चारा घोटाले से जुड़े कम से कम चार मामलों में दी है जमानत



**एजेंसी/नई दिल्ली**

बिहार की सत्तारूढ़ पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ सकती हैं। लालू यादव के लिए नई मुसीबत खड़ी करते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सीबीआई ने कथित चारा घोटाले से जुड़े मामलों में उन्हें दी गई जमानत को चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट चारा घोटाला मामले में आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमत हो गया है। शीर्ष अदालत इस याचिका पर 25 अगस्त को सुनवाई करेगी।

आरजेडी प्रमुख लालू यादव को झारखंड उच्च न्यायालय ने चारा घोटाले से जुड़े कम से कम चार मामलों में जमानत दे दी थी। सीबीआई ने उच्च न्यायालय के सभी आदेशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। गौरतलब है कि लालू यादव को चारा घाटाला मामले में दोषी ठहराया गया था और उनकी अपीलें कई अदालतों में लंबित हैं।

बता दें कि इससे पहले इस साल मार्च में सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के डोरंडा कोषागार मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की जमानत को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था और इसे लंबित अपील की सूची में डाल दिया था। इस मामले में लालू यादव को पांच साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा था कि वह नोटिस जारी नहीं कर रही है बल्कि मामले को सीबीआई द्वारा दायर इसी तरह की लंबित अपील के साथ जोड़ रही है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और अधिवक्ता रजत नायर ने मामले में नोटिस जारी करने की मांग की थी, लेकिन पीठ ने कहा कि वह मामले की एक साथ सुनवाई करेगी और नोटिस जारी करने को लेकर इच्छुक नहीं है।

# बेतिया में कार से कुचलकर तीन छात्रों की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के बेतिया मोतिहारी एनएच के मछली लोक के पास तेज रफ्तार कार ने छह स्कूली छात्रों को रौंद दिया। इस हादसे में दो बच्चों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक छात्र की मौत इलाज के दौरान हो गई। वहीं, इस हादसे में तीन अन्य छात्र घायल हो गए। सभी घायल छात्रों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया पहुंचाया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं, कार चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलदारी हरिजन स्कूल में छुट्टी हुई थी। छुट्टी के बाद बच्चे अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान वे सड़क पार कर रहे थे। तब तक सड़क पार करने के बाद मोतिहारी की तरफ से एक तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित कार ने छह छात्रों को रौंद दिया। इस दुर्घटना में मृतक तीन छात्रों में दो सगे भाई हैं। मृतकों की पहचान पोखर भिंडा गांव निवासी कंचन राम के बेटे अर्जुन कुमार (14), सुदर्शन राम के बेटों लाल जी राम (15) और गोपालजी कुमार (14) के रूप में हुई है।

वहीं, घायलों की पहचान पोखर भिंडा गांव निवासी छोटेलाल राम के बेटे सुदामा कुमार (13), दिवंगत रामायण राम के बेटे संदीप कुमार (12) और चढिहारवा टोला गांव निवासी इब्राहिम मियां के बेटे मोहम्मद युनुस (12) के रूप में हुई है। सभी घायलों का इलाज जीएमसीएच बेतिया में चल रहा है।

# पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह मर्डर केस में दोषी करार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जनता दल ने नेता और पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह को डबल मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट ने दोषी करार दिया है। एक सितंबर को कोर्ट में उनकी सजा पर बहस होगी। इसके बाद कोर्ट सजा सुनाएगी। दरअसल, यह मामला 1995 का है। आरोप लगा था कि पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह ने अपने कहे अनुसार वोट नहीं देने पर छपरा के मसरख इलाके के रहने वाले राजेंद्र राय (47) और दारोगा राय (18) की हत्या करवा दी। आरोप था कि इन लोगों ने प्रभुनाथ सिंह समर्थित प्रत्याशी को अपना मत नहीं दिया था। निचली अदालत ने दे दी थी रिहाई

पहले यह मामला निचली अदालत पहुंचा था। 2008 में सबूतों अभाव में यहां से पूर्व सांसद को रिहाई मिल गई थी। इसके बाद यह मामला पटना हाईकोर्ट में पहुंचा। 2012 पटना हाईकोर्ट में मामला गया तो यहां पर निचली अदालत के फैसले को सही माना। इस फैसले के विरोध में राजेंद्र राय के भाई ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

**तीन जजों की बेंच ने की सुनवाईः** सुप्रीम कोर्ट में तीन जजों (जस्टिस किशन कौल, जस्टिस एएस ओका, जस्टिस विक्रम नाम) की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। दोनों पक्ष की दलीलों को सुना। इस मामले प्रभुनाथ सिंह के खिलाफ पर्याप्त सबूत पाया। कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह को डबल मर्डर केस में दोषी करार दिया।

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को

एमआर टीसीएल कंस्ट्रक्शन की तरफ से हार्दिक बधाई



AMR AMRTCL

AMRTCL CONSTRUCTIONS

Your Trust & Our Services


A Revolutionary Initiative

- LLP Registration-MCA AAO-7219
- PAN-ABOFA5577F
- Professional Tax-192129691494
- GSTN-19ABOFA5577FIZZ
- MSME-UDYAM-WB-18-0011126

Towrds STARTUP

IN the feild of Environment- Agriculture - Power Projects With vision and ultimate aim to Create opportunity for unemployed youths

Moments and Accolades




Registered Address : 43, Adiganga Road, Kolkata, West Bengal-700070. | Email-amrtc19@gmail.com | Mobile No-+91 9836059400

## खबरें फटाफट

### दहेज प्रताड़ना व कांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

**नावानगर।** सिकरौल थाना क्षेत्र के बाबुगंज इंग्लिश तथा बसमनपुर गांव से पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी अशोक सिंह व कंपाउंडर पांडेय है। सिकरौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि अशोक सिंह बाबूगंज इंग्लिश गांव से दहेज प्रताड़ना का आरोपी है। वहीं बसमनपुर के कंपाउंडर पांडेय भोजपुर जिला के शाहपुर थाना कांड में आरोपी था। जिसे गिरफ्तार करने के बाद भोजपुर जिला पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। जबकि दूसरे आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### दीवार फांद नगदी सहित एक लाख के गहनों की चोरी

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अरैला गांव में चोरों ने दीवार फांद घर में रखे नगदी सहित करीब एक लाख रुपये के गहनों की चोरी कर ली है। इस मामले में पीड़ित गृहस्वामी ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर गहराई से तफ्तीश में जुट गयी है। पुलिस को दिये गये आवेदन में पीड़ित अरैला गांव का रहने वाला भीरंग यादव के पुत्र गुड्डू कुमार ने बताया कि दीवार के सहारे चोर आंगन में उतर कर घर में रखे गये बक्से का ताला तोड़ उसमें से 60 हजार नगद रुपये, सोने की बाली, मंगलसूत्र, नाक का नथिया, अंगूठी, जिउतिया के अलावे चांदी के पायल और झुमका चोरी कर ली। चोरी की इस घटना के बाद ग्रामीणों में चोर उचक्कों का भय बना हुआ है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। चोरों की तलाश के लिए छापेमारी की जाएगी।

# प्रथम अभिभाषण पर ओझा बरांव की प्रगति को इसरो ने किया सम्मानित



- चंद्रयान -3 के प्रक्षेपण के मौके पर प्रगति को मिला हिंदी में प्रथम अभिभाषण देने का मौका
- सीनियर हिंदी ट्रांसलेटर के तौर पर कार्यरत प्रगति को भाषण के लिए इसरो ने किया था चयनित

**केटी न्यूज/डुमरांव**

हाल ही में इसरो द्वारा चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण किया गया। प्रक्षेपण के मौके पर हिंदी में प्रथम अभिभाषण देने का गौरव डुमरांव अनुमंडल की चौगाईं अंचल के ओझा बरांव गांव की युवती प्रगति कुमारी को मिला है। अपने अभिभाषण कला व भाषायी शुद्धता के बल पर न सिर्फ प्रगति को पहले भाषण देने का मौका मिला बल्कि बाद में इसरो द्वारा उसे सम्मानित भी किया गया। इस दोहरी खुशी से पूरा परिवार आह्लादित हो उठा है।

### पिता किसान, मां गृहणी हैं

बता दें कि प्रगति के पिता ओमप्रकाश ओझा किसान है जबकि मां ममता देवी हाउस वाइफ हैं। वहीं बड़े भाई पंकज ओझा शिक्षक है। उसकी प्रारंभिक पढ़ाई गांव से ही शुरू हुई थी। वह बचपन से ही मेधावी थी। जिसके देखते हुए परिवार द्वारा उसका दाखिला बक्सर के बीपीएस स्कूल में कराया गया। यहां से मैट्रिक पास करने के बाद वह एमवी कॉलेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। यहां से उच्च शिक्षा के लिए वह वाराणसी चली गई। बीएचयू से स्नातक की परीक्षा पास करने के बाद वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लग गई थी। प्रगति ने एसएससी की कठिन माने जाने वाली परीक्षा में सफलता अर्जित कर सीनियर हिंदी ट्रांसलेटर के तौर पर चयनित हुई। वह अपने भाषा कौशल व काबिलियत की बदौलत ही इसरो द्वारा भाषण के लिए चयनित हुईं। उसके भाई पंकज ने बताया कि उसकी इस सफलता से पूरा परिवार खुश हैं। जिलेवासियों का सर भी गर्व से उंचा हो गया है। आखिर उनकी बेटी को इसरो से सम्मान जो मिला है।

## पहले फेज में अंबेडकर चौक से रामरेखाघाट तक लगाए गए हैं कैमरे

# बक्सर में लगे 13 सीसीटीवी कैमरे स्वच्छता व शहर की होगी निगरानी

- नगर परिषद की पहल पर लगाए हैं कैमरे
- नगर के महत्वपूर्ण स्थलों पर आसानी से रखी जा सकेगी नजर
- नगर परिषद के साथ ही नगर थाना में भी बनाया गया है कंट्रोल रूम

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर नगर की स्वच्छता को लेकर उठ रहे सवाल को लेकर नगर परिषद अब इसकी निगरानी सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से करेगा। इसको लेकर नगर के अंबेडकर चौक से लेकर रामरेखाघाट तक पहली फेज में 13 कैमरे लगाए गए हैं। जिससे नगर के व्यस्त व महत्वपूर्ण स्थलों की निगरानी आसान हो गई। इन कैमरों के लगने से एक तरफ नगर परिषद नगर की स्वच्छता पर निगरानी रख सकेगा। वहीं नगर थाना क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर भी विराम लगेगा। नगर थाने से भी इन कैमरों को ऑपरेट किया जाएगा। जिसका लिंक थाने में होने के कारण पुलिस भी हर गतिविधियों पर नजर रख सकेगी। इससे अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लग सकता है। पहले फेज में अंबेडकर चौक से रामरेखाघाट तक 13 कैमरा लगाया गया है। जिसमें अंबेडकर चौक पर तीन, ज्योति प्रकाश चौक पर तीन, वीर कुंवर सिंह चौक पर चार, सर्किट हाउस के मेन गेट पर एक वहीं रामरेखाघाट पर 2 कैमरा लगाया गया है।

इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर प्रेम स्वरूपम ने बताया कि नगर में लगाये गये सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से अब नगर की स्वच्छता पर बेहतर ढंग से निगरानी रखी जा सकेगी। जिसका कंट्रोल नगर परिषद के साथ ही नगर थाना में भी स्थापित किया गया है। नगर की स्वच्छता के साथ ही अपराधियों पर भी नकेल कसा जा सकेगा। नगर की विभिन्न गतिविधियों की नगर थाना द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी। वहीं लोगों ने नगर परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा है कि अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में उठाया गया यह बड़ा कदम है।

## बड़ी मठिया के 149 दुकानदारों ने कराया अपनी दुकान के कागजातों का सत्यापन

**बक्सर।** जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में बड़ी मठिया रामरेखाघाट के सचिव सह अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में दुकानों का सत्यापन कार्य शुरू किया गया है। जिसके तहत सचिव के द्वारा जारी नोटिस के आलोक में शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय में 149 दुकानदारों ने अपनी दुकानों का एकरारनामा जमा किया। जहां सभी एकरारनामा का जारी नोटिस के अनुसार मिलान किया गया तथा उसकी छायाप्रति ली गई।

ज्ञात हो कि राम-रेखा घाट स्थित बड़ी मठिया की कमिटी को व्यवहार न्यायालय बक्सर द्वारा भंग करते हुए नई कमिटि का गठन किया गया है। जिसमें जिला के पदाधिकारियों को विभिन्न पद सौंपा गया है। वहीं पूर्व में सूचना प्राप्त हो रही थी कि बड़ी मठिया के महन्थ द्वारा दुकानों के आवंटन, रेन्ट के फिक्शेसन में अनियमितता बरती गई है। जिसपर जिला पदाधिकारी बक्सर के



निदेशानुसार सचिव बड़ी मठिया रामरेखा घाट बक्सर सह अनुमण्डल बक्सर पदाधिकारी द्वारा संज्ञान लेते हुए बड़ी मठिया के महन्थ द्वारा पूर्व में आवंटित सभी दुकानदारों को एकरारनामा, रेंट फिक्शेसन के सत्यापन हेतु नोटिस जारी किया गया। जिसके आलोक में शुक्रवार को अनुमण्डल कार्यालय बक्सर में कुल 149 एकरारनामा, रेन्ट आदि का सत्यापन कार्य किया गया. बाकी बचे शेष दुकानदारों को एकरारनामा प्रस्तुत करने हेतु निदेशित किया जा रहा है।

## रेलवे ट्रैक के समीप पड़ा मिला ई रिक्शा चालक का शव, सीमा विवाद में उलझी पुलिस

**बक्सर।** बक्सर स्टेशन से करीब एक किलोमीटर पूरब नया बाजार के समीप शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। स्थानीय निवासियों की सूचना पर मौके पर पहुंची रेल पुलिस, टाउन तथा मुफस्सिल थाने की पुलिस के बीच देर तक सीमा विवाद बना रहा। करीब पांच घंटे बाद शव को जीआरपी ने उठा अपने कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान नया बाजार दलित बस्ती के अनग्राहित राम के 20 वर्षीय पुत्र छोटू राम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह गुरूवार की शाम से ही घर नहीं आया था। आशंका जताई जा रही है कि वह टैज्क पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ गया होगा। जीआरपी थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को दे दिया गया है।

## 10 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी पुलिस ने स्थानीय गांव के रविदास टोला से 10 लीटर महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार तस्कर रवि कुमार बताया जाता है।

## एक नजर

### चंद्रमा यादव हत्याकांड में पोते ने अज्ञात पर दर्ज कराया एफआईआर, पुलिस ने तेज की जांच

**डुमरांव।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के लेवाड़ गांव में हुए चंद्रमा यादव हत्याकांड के तीसरे दिन उसके पोता अनिकेत यादव ने एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में अनिकेत ने बताया है कि 16 अगस्त को सुबह चार बजे जब उसकी नींद खुली तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। करीब आधा घंटा के प्रयास के बाद मैं दरवाजा तोड़ कर बाहर निकला तो देखा कि दलान में दादा जी निढाल पड़े हैं। किसी ने उनकी हत्या कर दी थी। वहीं दलान में रखे बक्शा को तोड़ उसमें से नगदी व आभूषण के साथ ही जमीन के कागजात चुरा लिया गया था। हत्यारों ने दलान का दरवाजा भी बाहर से बंद कर दिया था। वही पिछला दरवाजा भी बाहर से बंद था। मैं जब हो हल्ला करने लगा तो पड़ोस की एक महिला आवाज सुनकर आई तथा बाहर से बंद दलान के दरवाजा को खोली। इसके बाद मैं बाहर निकलकर शोर मचाने लगा। जिसके बाद ग्रामीण इकट्ठा हुए। हालांकि अनिकेत ने किसी को नामजद नहीं किया है। वहीं सूत्रों की मानें तो पुलिस इस हत्याकांड के उदभेदन के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि जल्दी ही हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### घिनौनी हरकत: सिमरी में पूर्व वार्ड सदस्य ने छह वर्षीय मासूम से किया दुष्कर्म, हालत गंभीर

**सिमरी।** सिमरी थाना क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मशार करने वाली घटना सामने आई है। एक 35 वर्षीय युवक ने छह वर्षीय मासूम के साथ घिनौनी हरकत की है। घटना के बाद से ही पीड़िता की हालत खराब है। वहीं आरोपी फरार हो गया है। घटना दो दिन पहले की है। आरोपी पूर्व वार्ड सदस्य है तथा रिश्ते में पीड़िता उसकी चचेरी भतीजी लगती है। जानकारी के अनुसार इस मामले में गुरुवार को पूरे दिन पंचायती का प्रयास भी किया गया। लेकिन परिजनों ने शुक्रवार को सिमरी पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी अभियान में जुट गई है। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। वही इस घटना के बाद ग्रामीणों में आरोपी के प्रति जबरदस्त आक्रोश है। सूत्रों की माने तो पुलिस उसके परिजनों को हिरासत में ले पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी शादीशुदा है। देर शाम तक पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

### छेड़खानी का विरोध करने पर युवती की पिटाई, पुलिस पर एफआईआर दर्ज नहीं करने का आरोप


**बक्सर।** इटाढ़ी थाना क्षेत्र के अतरौना गांव में एक युवती के साथ छेड़खानी करने तथा विरोध करने पर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता के परिजनों ने एसपी कार्यालय पहुंच स्थानीय पुलिस पर एफआईआर दर्ज नहीं करने का आरोप भी लगाया है। जानकारी के अनुसार अतरौना के श्रीराम चौधरी ने सुखलाल पाल समेत उसके घर के 11 लोगों पर अपनी बेटी के साथ छेड़खानी व विरोध पर बेरहमी से पिटाई का आरोप लगाया है। वही उनका आरोप था कि मामले की सूचना के बावजूद इटाढ़ी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं किया। वही मुख्यालय डीएसपी अशफाक अंसारी ने परिजनों को आश्वत कराया कि आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। वही जानकारो का कहना है कि दोनों परिवारों के बीच पहले से विवाद चला आ रहा है। इस घटन को भी उसी विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है।



### चाणक्या कॉलोनी में जला एबी बॉक्स, पूरे दिन आपूर्ति ठप रहने से लोग बेहाल

# आरोप : जर्जर तारों व खराब उपकरण से अक्सर बाधित हो रही बिजली आपूर्ति

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शुक्रवार को नगर के वार्ड 21 स्थित चाणक्या कॉलोनी के गली नंबर एक में पूरे दिन आपूर्ति ठप रही। एबी बॉक्स के साथ ही कई घरों का सर्विस वायर भी जल गया था। जिस कारण मोहल्ले वासियों को पूरे दिन इस उमश भरी गर्मी में परेशान होना पड़ा। वही बिजली कंपनी द्वारा जले एबी बॉक्स व सर्विस वायर की मरम्मत में पूरा दिन लग गया। मोहल्ले के सोनू पाठक, अविनाश कुमार, रिंकू पांडेय आदि ने बताया कि उन्हें पूरे दिन विद्युत आपूर्ति से महरूम होना पड़ा है। शाम में सर्विस वायर सहित एबी बॉक्स का मरम्मत होने के बाद लोगों को बिजली के दर्शन हुए। बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों को सबसे अधिक परेशानी पेयजल को लेकर हुई। वही उन्हें पूरे दिन उमश भरी गर्मी से परेशान होना पड़ा। हालांकि यह सिर्फ चाणक्या कॉलोनी या किसी एक दिन की समस्या नहीं है बल्कि आए दिन शहर के विभिन्न मोहल्लों में लोकल फाल्टों के कारण घंटो आपूर्ति बंद करनी पड़ती है। जिस कारण उपभोक्ता ठगा महसूस कर रहे है।

**जर्जर तार व उपकरणों से बाधित हो रही है आपूर्ति :** बता दें कि डुमरांव में बिजली के कवर वाले तारों व एबी बॉक्स को करीब एक दशक पहले लगाया गया था। अब तार, बॉक्स समेत कई अन्य उपकरण जर्जर हो गए है। एबीसी वायर का कवर पिछले दो सालों हट रहा है। वही एबी बाक्स भी टूट चुके है। अधिकांश बॉक्स के ढक्कन टूट चुके है। जिस कारण अक्सर लोकल फाल्ट की समस्या झेलनी पड़ती है। शहरवासियों की मानें तो कई मोहल्लों में तार लटककर काफी नीचे चले आए है। जबकि एबी बॉक्स इस कदर जर्जर हो गया है कि अक्सर उसमें आग लग जा रही है। जिसका सीधा असर आपूर्ति पर पड़ रहा है। खराब व जर्जर उपकरणों के कारण लोगों को निर्बाध गति से बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। जिस कारण लोगों में कंपनी के प्रति गहरा आक्रोश व्यात है।

**नहीं बदले जा रहे है खराब उपकरण**

बिजली कंपनी द्वारा लंबे समय से खराब पड़े सर्विस वायर, एबी बॉक्स, एबी स्वीच आदि उपकरणों को नहीं बदला जा रहा है। जिस कारण लोकल फाल्टों पर लगाम नहीं लग पा रहा है। वही इस इससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। कई जगहों पर उपकरणों के नहीं बदले जाने से अक्सर फेज मारने या ट्रांसफार्मर के खराब होने की नौबत बन रही है।

**बोले जेई**

इस संबंध में टाउन जेई मनीष कुमार ठाकुर ने कहा कि कंपनी द्वारा जर्जर तारों व उपकरणों को बदलने के लिए मास्टर योजना बनाई गई है। जल्दी ही जर्जर तारों को बदला जाएगा।

## शादी की नीयत से किशोरी का किया अपहरण, केस दर्ज

**डुमरांव।** जिले के नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर एक 17 वर्षीय किशोरी का अपहरण किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में किशोरी के परिजनों ने किस्मत कुमार नामक एक युवक पर अपहरण किये जाने का आरोप लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए आवेदन में किशोरी के परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी देर शाम शौच करने के लिए घर से बाहर निकली थी, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं आयी तो परिजनों की चिंता बढ़ गयी। परिजन खोजबीन शुरू कर दिये। उसके लिए गांव के सगे संबंधियों की भी मदद ली गई। खोजबीन के दौरान किसी ने जानकारी दी कि आरोपी युवक शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया है। जब उसके घर में उसकी तलाश की गई, तो वो नहीं मिला। उसके दोस्तों ने भी इस बात की पुष्टि की है। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है।

## मुखिया संघ ने तेज किया आंदोलन, 22 को प्रखंड व 29 को जिला मुख्यालय में देंगे धरना

**डुमरांव।** बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ के आह्वान पर ग्राम पंचायतों के अधिकारों में की जा रही कटौती के खिलाफ मुखिया संघ ने आंदोलन तेज कर दिया है। बता दें कि मुखिया संघ महासंघ के बैनर तले 16 अगस्त से 31 अगस्त तक हड़ताल व कार्य बहिष्कार पर है। इस दौरान किसी भी पंचायत के मुखिया द्वारा किसी भी तरह के सरकारी बैठक में भाग नहीं लिया जाएगा तथा सरकारी कार्यों का क्रियान्वयन भी ठप रहेगा।

शुक्रवार को प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर अनुमंडल के कई पंचायतों के मुखिया ने एक बैठक की। जिसमें 22 को प्रखंड मुख्यालय तथा 29 को जिला मुख्यालय पर धरना देने का निर्णय लिया गया। उसके बाद बीपीआरओ के माध्यम से 19 सूत्री मांग पत्र सीएम को सौंपा गया। मांग पत्र में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायतों को 73 वे संशोधन के तहत प्रदत 29 अधिकारों को ग्राम पंचायतों को सौंपने, ग्राम सभा की रक्षा के लिए पारित निर्णयों का अनुपालन सुनिश्चित करने, ग्राम सभा से चयनित योजनाओं को



प्राथमिका देने। ग्राम सभा में सरकारी हस्तक्षेप नहीं करने, मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाईट योजना को पुनः पंचायत को सौंपने, पंचायत सरकार भवन के निर्माण की जिम्मा ग्राम पंचायतों को देने, नल जल योजना का क्रियान्वयन पीएचईडी से हटाकर वार्ड क्रियान्वयन समिति को देने, मुखिया, उप मुखिया तथा वार्ड सदस्यों को क्रमशः 10 हजार, 7 हजार और 5 हजार रूपए प्रतिमाह मानदेय देने, पंचायतों में बंद पड़े कबीर अंत्येष्टि योजना को चालू करने सहित कुल 19 मांग शामिल थे।

## अनुकंपा पर बहाली समेत अन्य मांगों को ले दफादार चौकीदार पंचायत ने दिया धरना

**बक्सर।** बिहार राज्य दफादार चौकीदार पंचायत संघ के लोगों ने नगर के बाजार सिमिति रोड स्थित होम गार्ड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरनो दिया। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि दफादार चौकीदार की बहाली पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दियो है। जिसे फिर से सरकार से विधान सभा में अध्यादेश लाकर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने की मांग को लेकर एक दिवसीय जिला मुख्यालय पर धरना आयोजित कियो गया।

धरना नगर के बाजार समिति रोड स्थित होमगार्ड मैदान में आयोजित कियो गया। धरना की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह ने किया। आयोजित कार्यक्रम में जिले के चौकीदार दफादार सभी शामिले हुए. जहां वक्ताओं ने बिहार सरकार से मांग किया कि पुनः विधानसभा में अध्यादेश लाकर कानूनी रूप देकर दफादार एवं चौकीदारों के आश्रितों की बहाली की प्रक्रिया को प्रारंभ कियो जाए। डीएम के माध्यम से मांगपत्र सौंपो गया। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी से मांग किया गया कि चौकीदार से कराए जा रहे अवैध ड्यूटी पर रोक लगाई जाए। एसीपी का लाभ देने एवं दफदारे एवं चौकीदार के सदस्यों को सुनाने हेतु जिला स्तर पर एक कमेटी गठित करने हेतु अनुरोध कियो गया। मौके पर सचिव जितेंद्र सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, जगनारायणे पासवान सुभाष यादव, अर्जुन पासवान, कन्हैया लाल









### लकड़ी से हमला कर थाना कैंपस से भाग निकला बंदी, लोगों की मदद से धराया

# हिरासत से भागने के लिए संदिग्ध ने होमगार्ड जवान पर किया हमला

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नवादा थाना में गुरुवार की रात एक बंदी ने जमकर उत्पात मचाया। पुलिस की? कस्टडी थाना से भागने के चक्कर में पहले उसने संत्री ड्यूटी पर तैनात एक होमगार्ड पर हमला कर दिया। उसके बाद वह थाना कैंपस से भाग निकला। भागने के दौरान वह राहगीरों से भी भिड़ गया और मारपीट करने लगा। हालांकि राहगीरों की मदद से पुलिस ने उसे पकड़ लिया।



वहीं, बंदी के हमले में होमगार्ड का सर फट गया और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मारपीट में एक राहगीर भी चोटिल हो गया है। जख्मी होमगार्ड चांदी थाना क्षेत्र के जहनपुर गांव निवासी कृष्णा सिंह हैं। वह करीब डेढ़ वर्षों से नवादा थाना में कार्यरत है। दूसरा जख्मी संदेश थाने के सुरंगापुर गांव निवासी मंजीत सिंह का 19 वर्षीय बेटा रंजीत कुमार है। वह खोखो का खिलाड़ी हैं। वह प्रैक्टिस करने के लिए रोज वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में आता है। वहीं बंदी पश्चिम बंगाल का रहने वाला बताया जा रहा है। उसे डायल 112 पुलिस ने गुरुवार की सुबह थाने लाया गया था। इधर, एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार की सुबह पश्चिम बंगाल के रहने वाले मानसिक रूप से एक



विक्षिप्त आदमी को थाने पर लाया गया था। शाम में परिजनों के इंतजार में उसे थाने में बैठाया गया था। उसी क्रम में उसने बगल में लकड़ी से संत्री ड्यूटी में तैनात एक होमगार्ड के सिर पर वार कर दिया। उसमें होमगार्ड का सर फट गया। बंदी को पकड़ लिया गया है।

**खाने के लिए पूछने के क्रम में होमगार्ड पर किया हमला :** जख्मी होमगार्ड कृष्णा सिंह ने बताया कि डायल 112 नंबर पुलिस वाहन द्वारा गुरुवार की सुबह बंदी को थाना लाया गया था। वह सुबह से ही नवादा थाना में था। सुबह में उन्होंने उसको नाश्ता कराया था। शाम में जब वह उससे पूछने गए कि खाना खाया है यह नहीं। उस दौरान वह उससे बात कर रहा था। तभी उसने पास में रखी लकड़ी से उनके सिर पर हमला कर दिया। उससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गए। इसके बाद वह वहां से भागने लगा। तभी वहां से गुजर रहे खोखो का प्रैक्टिस कर वापस गांव लौट रहे एक युवक द्वारा उसे दबोच लिया गया। बंदी द्वारा उसकी भी पिटाई कर दी गयी।




## राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौता के आधार पर दिलाया जाता है न्यायः अपर जिला जज

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निदेर्शानुसार 9 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर बीमा कंपनी प्रतिनिधि के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार भवन में प्राधिकार सचिव सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश पांडेय ने बैठक की। प्राधिकार सचिव ने उपस्थित प्रतिनिधियों से कहा कि न्यायालय में लंबित बीमा दावा से संबंधित मामलों को निष्पादन कराने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि समय रहते उचित समय पर यदि किसी का मामला निष्पादन हो जाता है और उसे वैधानिक लाभ प्राप्त होता है। तभी न्याय सही न्याय होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत एक उचित माध्यम है। जहां समझौता के आधार पर त्वरित न्याय प्रदान किया जाता है। इसका सभी को लाभ उठाना चाहिए। त्वरित रूप से ज्यादा मामला निष्पादन करने के लिए निर्धारित तिथि 9 सितंबर



के पूर्व बहुत से मामलों को प्री स्टिंग के माध्यम से निष्पादन कराना है। आज भी कुमारी डिंपी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के न्यायालय में लंबित वाद 1715/2020 को आपसी समझौता के आधार पर पूजा कुमारी पारा विधिक स्वयंसेवक के सार्थक पहल से मामला को निष्पादित कराया गया। सभी पारा विधिक स्वयंसेवकगण पक्षकारों तक पहुंचे। इसके लिए उन्हें संबंधित न्यायालय से लंबित मामलों का नोटिस दिया गया है। ताकि पक्षकार गण को समझा बूझकर न्यायालय में लाकर समय से पूर्व ही मामले का निष्पादन कराया जा सके।

## आठ लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**जहानाबाद।** बिजली विभाग इन दिनों बिजली चोरी करने वालो के खिलाफ पूरे जिले में ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान चला रखा है। विभाग के द्वारा वकयादारो के खिलाफ लाइन काटने का अभियान भी निरंतर जारी है। मीटर बाइपास कर एवं बिना कनेक्शन लिए हुए चोरी से बिजली का उपयोग करने वाले के खिलाफ बिजली विभाग द्वारा गठित छापेमारी दल ने आठ लोगो को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। इस आशय की जानकारी देते हुए विधुत कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि जिले के अजय बिगहा, मननपुर, गांधी नगर, सटी मोड़ आदि जगहों में मीटर जांच अभियान चलाया गया। जहां बिजली चोरी करते हुए आठ लोगों को पकड़ा गया। पकड़े गए लोगों में अरविन्द कुमार पर 21714 रुपये, अनिल कुमार पर 85477 रुपये, सीता देवी पर 165265 रुपये, दीपक कुमार पर 25719 रुपये, सियाशरण रविदास पर 18224 रुपये, वीरेंद्र कुमार पर 17653 रुपये, मदन शर्मा पर 7636 रुपये, एवं बेबी देवी पर 11202 रुपये का आर्थिक जुमार्ना लगाते हुए संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है।






## खबरें फटाफट

### स्वतंत्रता सेनानी के नेतृत्व में मनाया गया शहादत दिवस

**बलिया।** कलेक्ट्रेट परिसर में बलिया के शहीदों की याद में स्वतंत्रता सेनानी रामविचार पांडेय के नेतृत्व शहादत दिवस मनाया गया। जहां आजादी की लड़ाई में बलिया के वीर सपूतो के द्वारा दी गयी प्राणों की आहूती को याद किया गया। इस दौरान बलिया के अलग अलग क्षेत्रों में जिस प्रकार से क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। ऐसे वीरों की गाथा सुनाकर लोगों में जोश भरने का काम किया गया। स्वतंत्रता सेनानी रामविचार पांडेय ने कहा कि वीरों की धरती बलिया के वीरों ने आजादी की लड़ाई में कूद कर पूरे जनपद में आजादी का अलख जाने का काम किया। उन्हीं वीरों की देन है कि बलिया सबसे पहले आजाद हुआ। ऐसे वीरों को हम सभी शत—शत नमन करते है।

### शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

**बलिया।** बायोमैट्रिक हाजिरी के विरोध में शुक्रवार की दोपहर नगर के सतीश चंद्र कॉलेज के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि महाविद्यालय सचिवालय या जिलाधिकारी कार्यालय नहीं है, जिसके खुलने व बंद होने का एक निर्धारित समय है। कुछ कक्षाएं 8:00 बजे शुरू होती हैं और कुछ 5:00 बजे शाम को समाप्त होती हैं। कहीं लैब का कार्य देर शाम 8:00 बजे तक चलता है। लगभग नई शिक्षा नीति में 6 माह परीक्षा होती है तो शिक्षक सुबह 7:00 बजे से 11:30 तक एवं 1:30 से 5:30 तक परीक्षा में ड्यूटी करता है। ऐसे में वह कौन सा समय बायोमेट्रिक के लिए निदेशक कौन सा समय निर्धारित करना चाहते हैं। निदेशालय में बायोमेट्रिक होने के बावजूद भी फाइलें लम्बित हैं और वसूली पूर्ण होने पर ही काम आगे बढ़ता है, बायोमेट्रिक का कोई असर नहीं है, जबकि निदेशक वहां खुद बैठते हैं।

## भूतपूर्व सैनिक संगठन ने सैन्य अंदाज में शहीदों को किया नमन

# परिवार की चिंता किए बिना देश की आजादी के लिए हो गए शहीदः सांसद

**केटी न्यूज/बलिया**

18 अगस्त 1942 के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को शहीद दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक पर फूलमाला चढ़ाकर अमर शहीदों को नमन किया गया। परंपरा के अनुसार सर्वप्रथम बैरिया के प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चना कर शहीद स्मारक पर चादर चढ़ाकर पुलिस की तरफ से शहीदों को नमन किया। इसके बाद राजनीतिक दलों, सेनानी संगठन सहित विभिन्न संगठन के लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। जिसमें सेनानी, सेनानी संगठन, भूतपूर्व सैनिक, राजनीतिक दलों के लोग, सामाजिक संगठनों के अलावा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल थे। भूतपूर्व सैनिक संगठन ने अपने सैन्य अंदाज में शहीदों को नमन किया। उन्हें सलामी दी और पुष्प चक्र अर्पित किया।



श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा स्वतंत्रता सेनानियों को भुलाया नहीं जा सकता। वे खुद की जान व अपने परिवार की बगैर चिंता किये देश की आजादी के लिए शहीद हो गए। शहीद स्मारक पर अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में राज्य सभा सांसद नीरज शेखर,पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह, सपा नेता सनातन पांडे, पूर्व मंत्री तारकेश्वर मिश्रा, भाजपा के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहु, जिला उपाध्यक्ष अमिताभ उपाध्याय,कांग्रेस के पारसनाथ वर्मा, पूर्व चेयरमैन संजय उपाध्याय, कांग्रेस नेता विनोद सिंह सहित विभिन्न दलों के तीन दर्जन से अधिक लोगों ने श्रद्धा के फूल अमर शहीदों को अर्पित किया। नौ वर्षों बाद शहीद स्मारक पर सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न दलों व संगठन के वक्ताओं ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभा की अध्यक्षता रामाधार पाण्डेय व संचालन हरि कंचन सिंह ने किया।

**सेनानियों व उनके वंशजों को ओढ़ाया गया अंगवस्त्रम :** तहसील सभागार में शहीदों के याद में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें स्वतंत्रता सेनानी के वंशज रामविचार पाण्डेय ने बताया कि अमर सपूत कौशल कुमार सिंह ने गोलियों की बौछार की चिंता किये बगैर अंग्रेजों का जैक उतार कर तिरंगा फहरा दिया था।इस दौरान उनके साथ ही कुल 18 अमर सपूत शहीद हो गए। उपजिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र ने कहा कि सेनानियों ने अपनी जान गवां कर देश को आजाद कराया,उन्ही के बदौलत अंग्रेज देश छोड़ने को मजबूर हुए। तहसील सभागार में विचार गोष्ठी के उपरान्त उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने सेनानियों व उनके वंशजों को अंगवस्त्रम ओढ़ाया और फूल माला से उनका स्वागत किया। जिन सेनानियों का स्वागत स्वागत किया गया उनमें रामविचार पांडे,गंगासागर सिंह, कौशल कुमार गुप्त, योगेश मिश्रा, अंजनी राय, विनय पाण्डेय, विनोद गुप्त, वीरेंद्र कुमार सहित डेढ़ दर्जन से अधिक सेनानी उनके आश्रित शामिल थे।

### शोध में उपयोग किए गए आंकड़े पूर्ण रूप से होने चाहिए प्रमाणित

**बलिया।** सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स और अंग्रेजी विभाग, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय द्वारा जय प्रकाश नारायण सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो संजीत कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में प्रो अरविन्द कुमार मिश्र, पूर्व प्रोफेसर एवं अधिष्ठाता, कला एवं मानविकी संकाय, महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य विषय शोध प्रविधिः इतिहास एवं उसका विकास वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के शोध एवं परियोजना के आकड़ों को एकत्र करने में शोध प्रविधि का अपना महत्वपूर्ण योगदान होता है। शोध प्रविधि के प्रयोग के बगैर सही प्रकार से निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है, साथ ही साहित्यिक चोरी का भी ध्यान रखना चाहिए। अर्थात शोध में उपयोग किए गए ऑकड़े पूर्ण रूप से प्रमाणित होने चाहिए। अगर किसी भी साहित्य का उपयोग किया जाता है तो उसका संदर्भ दिया जाना आवश्यक होता है। कार्यक्रम में शामिल सभी सदस्यों का स्वागत सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स के समन्वयक, डॉ अजय कुमार चैब ने किया। कार्यक्रम के अन्त में सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स के सह-समन्वयक, डॉ छबिलाल जी ने सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## केंद्रीय मंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर हुई बैठक




**केटी न्यूज/बलिया**

प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री व नगर विधायक दयाशंकर सिंह के नारायणी टाकीज स्थित कैंप कार्यालय पर हुई बैठक में बलिया बलिदान दिवस पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हो रहे आगमन को लेकर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि बलिया बलिदान दिवस के गौरवशाली कार्यक्रम में आ रहे केंद्रीय खेल व युवा कल्याण मंत्री अनुराग ठाकुर के आगमन को सफल बनाने के लिए सभी को पूरे मनोयोग से लगना होगा।

कार्यक्रम में आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल निरहुआ भी मौजूद रहेंगे। केंद्रीय मंत्री जिला जेल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के साथ ही अन्य आयोजनों में भी रहेंगे। इसमें कार्यकताओं को अधिक से अधिक लोगों को लाना होगा। बलिया बलिदान दिवस का आयोजन जनपद के लिए काफी गौरवशाली है। नगरपालिका परिषद के चेयरमैन संत कुमार गुप्ता मिठाई लाल ने कहा कि आयोजन को भव्य व ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी को लगना होगा। संचालन कर रहे जिला मंत्री अरुण सिंह बंटू ने कहा कि बलिया बलिदान दिवस जनपद के स्वर्णिम इतिहास से जुड़ा है और इसे सफल बनाना हम सब की जिम्मेदारी है। इस दौरान पदाधिकारियों ने कार्यकताओं को आवश्यक जिम्मेदारी से अवगत कराया। बैठक में संजीव कुमार डंपू, सुनीता श्रीवास्तव, कृष्णा पांडेय, संतोष सिंह, नकुल चौबे, राजीव मोहन चौधरी, अभिषेक सोनी, घनश्याम दास आदि मौजूद रहे।

### रोजगार मेला में 150 पदों पर होगा महिलाओं का चयन

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शुकवार की शाम चार बजे प्रेस रिलीज जारी किया कि बहादुर पुर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मेला–डे के अवसर पर 21 अगस्त को रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। क्वीस कार्प लिमिटेड पार्टनर के द्वारा टाटा मोटर्स लखनऊ हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ( लगभग 150 रिक्तियों के सापेक्ष) व्यवसाय मोटर मैकेनिक, फीटर, टर्नर, मशीनिस्ट ग्राइंडर, इंस्ट्रूमेंट मैकनिक, रेडियो, टीवी इत्यादि ट्रेड से उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी, जिनकी उम्र 18 से 23 वर्ष है, मेले में प्रतिभाग कर सकती हैं।

## जनपद के अलग-अलग थानों से 9 आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के नरहीं, दोकटी, मनियर, रसड़ा और बांसडीह पुलिस ने अलग-अलग जगहों से तीन पशु तश्करों, दो शातिर वाहन चोर, तीन वारंटी अभियुक्त और एक रेप के आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीन गोवंश, दो अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और एक नाजायज चाकू भी बरामद किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया है।

बताया जाता है कि नरहीं थाने की पुलिस टीम के उप निरीक्षक उमापति गिरी मय फोर्स के रामापुर मोड़ के पास से तीन पशु तस्करों पप्पू



कुमार, अनिल खरवार पुत्र राम व्यास खरवार और ओमकार राम पुत्र छोटेलाल निवासीगण ग्राम बघौना थाना नरही जनपद बलिया को गिरफ्तार कर लिया।

**दोकटी पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार :** दोकटी थाने के उप निरीक्षक जय प्रकाश की टीम ने कृष्णानगर ढाले से दो शातिर वाहन चोरों नियाज अंसारी पुत्र आस मोहम्मद निवासी रकबा टोला थाना बैरिया जनपद बलिया और बबलू अली पुत्र शहाबुद्दीन निवासी बैरिया धर्म टाकिज के पास थाना बैरिया जनपद बलिया को अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तगणों के कब्जे से दो अदद चोरी की बाइक बरामद की है।

**बांसडीह में दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार :** बांसडीह कोतवाली के उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिंह की टीम ने दुष्कर्म के आरोपी विकेश तिवारी पुत्र हरेन्द्र तिवारी निवासी उत्तर टोला कस्बा बांसडीह थाना बांसडीह जनपद बलिया को बांसडीह दुर्गा मंदिर आटो स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया।










## 31 अगस्त तक बैंक खाते को करा लें आधार से लिंक

**चंदौली।** जिला पूर्ति अधिकारी अनिल यादव ने बताया कि जनपद में प्रधानमत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत 191290.लाभार्थियों के सापेक्ष 163091 लाभार्थियों को सब्सिडी का भुगतान आधार कार्ड आधारित उनके आधार लिंक खातों में किया जा रहा है। अवशेष 28199 उपभोक्ताओं को अन्य माध्यम अर्थात बैंक कैश ट्रान्सफर कम्प्लाइन्ट के माध्यम से सब्सिडी का अंतरण किया जा रहा है। खाद्यायुक्त महोदय द्वारा बीसीटीसी लाभार्थियों के बैक खातों को आधार लिंक करने हेतु निर्देशित किया गया है, ताकि केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सब्सिडी सीधे उपभोक्ताओं के खातों में पारदर्शी तौर पर अंतरित हो सके। उज्जवला योजना के तहत लाभार्थियों द्वारा शत प्रतिशत बैंक खाते को आधार से लिंक नहीं कराया है। जिसे देखते हुए प्रधानमत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि जिनका बैंक खाता आधार से लिंक नहीं हो पाया है, वे सम्बन्धित गैस एजेन्सी अथवा अपने बैक से सम्पर्क कर अपने बैंक खातों से आधार लिंक 31 अगस्त के पूर्व ही करा लेंह्न, जिससे उज्जवला के लाभार्थियों को बिना किसी बाधा समय से एलपीजी की सब्सिडी प्राप्त हो सकें।

### स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी, पूरे दिन चला रंगारंग कार्यक्रम

# अष्ट शहीदों की स्मृति में गाजीपुर जिले में बनाया जाएगा संग्रहालय: नीरज शेखर

केटी न्यूज/गाजीपुर

18 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी के करो या मरो आंदोलन से प्रेरित होकर शेरपुर गांव निवासी डॉ. शिवपूजन राय के नेतृत्व में जिन आठ शहीदों ने मुहम्मदाबाद तहसील परिसर में तिरंगा फहराते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उनकी याद में शुक्रवार को शहीद स्मारक समिति भवन में शहीदों की स्मृति में बने झांकी का अनावरण कर लोगों ने श्रद्धा के दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी, शहीद स्मारक समिति के प्रबंधक आनंद राय एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में तिरंगा झंडाफहरा गया। साथ ही, हवन पूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। शहीद पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में इंटर कॉलेज मुहम्मदाबाद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मुहम्मदाबाद




पशुपतिनाथ महाविद्यालय शेरपुर एवं शेरपुर के सैकड़ों की संख्या में नौजवानों का काफिला शहीद पार्क में पहुंचकर अपने पूर्वजों को माल्यार्पण किया।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सांसद नीरज शेखर ने कहा कि भारत सरकार मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम से युवा पीढ़ी काफी मात्रा में प्रेरित होकर आज सहित पार्क पहुंची है। शहीदों के इस पावन स्थल के सुंदरीकरण के लिए पिछले वर्ष हमने हम सभागार कक्ष के लिए धन आवंटित किया था। निर्माण लगभग हो चुका है तथा इस शहीदी धरती के लिए जो भी संभव होगा विकास के कार्य होंगे। उसके लिए हम सदा तत्पर रहेंगे। इस मौके पर राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने कहा कि अष्ट शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। इसी वर्ष से हम दोनों सांसद मिलकर सांस्कृतिक मंत्रालय के सहयोग से इस संग्रहालय का रूप देंगे। इस अवसर पर महान संत एवं महात्मा गांधी के सच्चे अनुयाई विनोबा भावे के साथ किलोमीटर की पदयात्रा करने वाले गांधीवादी रमेश भाई शाहजहांपुर से पहुंचकर अष्ट शहीदों को सूट की माला पहनकर गांधीवादी तरीके से श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि पढ़ने वाले लोग कम जुड़े। अधिक पढ़ने वाले लोग देश के लिए कम करें तथा उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले लोग सब पूरे समाज के उत्थान में लग जाए। यही गांधीजी एवं विनोबा भावे का सपना था तथा यही शिवपूजन राय को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय के बच्चों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर मंत्री उपेंद्र तिवारी पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह पूर्व विधायक अवधेश राय। शास्त्री कृष्ण बिहारी राय, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र राय, आनंद राय, चंदन राय, समाजसेवी मीरा राय व अन्य मौजूद रहें।

## जाम करने के मामले में 17 नामजद व 120 अज्ञात पर केस

**गाजीपुर।** वाराणसी - गोरखपुर फोरलेन पर गुरुवार की शाम को मरदह ब्रम्ह बाबा मंदिर के पास करीब दो घंटे तक सड़क जाम कर आवागमन बाधित करने के प्रकरण में थानाध्यक्ष राजेश मौर्य की तहरीर पर 17 नामजद एवं 120 अज्ञात लोगों के खिलाफ सेवन सीएलए एक्ट सहित संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि नामजद आरोपियों में आदित्य राजभर निवासी वाराणसी , नितेश राजभर, मुकेश राजभर, सुरेन्द्र राजभर निवासी मरदह, कमलेश राजभर, संतोष राजभर, गौतम राजभर, अजय राजभर, रामप्रसाद राजभर, रविंद्र राजभर, भैयालाल निवासी बगही, पंकज राजभर निवासी महेगवा, सोनू राजभर निवासी जनपद मऊ, धर्मेंद्र राजभर निवासी पीपनार, जितेंद्र राजभर, टिंकू राजभर गोविंदपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दो घंटे तक जाम के दौरान रोड पर वाहनों की लंबी कतार लगने से वाहनों में फंसे यात्री काफी परेशान रहे। मरीज एम्बुलेंस को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी एवं कई थानों के फोर्स के मौके पर पहुंचकर काफी प्रयास करने के बाद भी जाम समाप्त नहीं हुआ। पुलिस द्वारा हल्का बल खदेड़ने पर दो घंटे बाद जाम समाप्त हुआ था।

## अरविंद यादव बने सपा के जिला सचिव

**चंदौली।** समाजवादी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन के माध्यम से कमर कटने का काम शुरू कर दिया है। इसके तहत शुक्रवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने अरविंद यादव बबलू को जिला सचिव नियुक्त अलीनगर में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया।

सपा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहती है। शायद यही वजह है कि बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए कमेटी का गठन किया जा रहा है। यही नहीं कार्यकताओं में जोश भरने के साथ ही जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं व मुद्दों को उठाने के लिए कहा जा रहा है। अलीनगर में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने मुस्तफापुर गांव निवासी अरविंद यादव बबलू को अलीनगर में जिला सचिव मनोनीत कर इनको प्रमाण पत्र देने के साथ ही कार्यकताओं ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कहा कि संगठन में जो हमें जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसका निर्वहन बखूबी ईमानदारी पूर्वक करने का काम करेंगे।






## जनहित मुद्दों पर एक्सईएन से मिले सपा नेता

**चंदौली।** समाजवादी पार्टी नेता व सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज कुमार सिंह डब्लू शुक्रवार को जनहित के मुद्दों को लेकर एक्सईएन पीडब्ल्यूडी से मिले। इस दौरान उन्होंने मुगलसराय-चहनियां मार्ग की प्रगति रिपोर्ट तलब की। साथ ही चंदौली-सैदपुर मार्ग चौड़ीकरण की जद में आ रहे फगुईयां समेत सैकड़ों गांवों के किसानों व ग्रामीणों के मुआवजे व विस्थापन की समस्या के निराकरण पर चर्चा की। कहा कि गरीब ग्रामीणों व किसानों के साथ किसी भी प्रकार की ज्यादती नहीं होनी चाहिए। बताया कि बीते गुरुवार को फगुईयां के ग्रामीणों ने उन्हें रोककर अपनी समस्याएं बताई, जो प्रशासन से पीड़ित व व्यथित थे।

इस दौरान पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन द्वारा सपा नेता मनोज सिंह डब्लू को बताया कि चहनियां-मुगलसराय मार्ग निर्माण का प्रस्ताव शासन में स्वीकृत हेतु भेजा गया है। फाइल अनुभाग-11 में चली गयी है और अगस्त माह में इसे स्वीकृति मिल जाएगी। फगुईयां प्रकरण पर उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के मुआवजा संबंधित समस्या के



निराकरण के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे उक्त कमेटी के अध्यक्ष हैं और उसमें एडीएम, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी के अलावा एसडीएम व रजिस्ट्रार हैं। राजस्व विभाग मुआवजा वितरण संबंधित रिपोर्ट तैयार कर रहा है। रिपोर्ट बनने के बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चौपाल लगाकर प्रभावित किसानों व ग्रामीणों में मुआवजे का वितरण किया जाएगा।

## हत्या की साजिश रचते 5 गिरफ्तार

**चंदौली।** जिले के सदर कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने पांच पेशेवर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जो एक रियल स्टेट कारोबारी तथा एक अन्य व्यक्ति के हत्या की योजना बना रहे थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक पिस्टल तथा चार तमंचे बरामद किये। इसके अलावा बदमाशों के पास से मिली भाजपा की स्टीकर लगी एक लग्जरी कार और दो बाइकों को पुलिस ने सीज कर दिया है। मामले का खुलासा करते हुए एएसपी विनय कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों को गिरफ्तार करने वाली टीम को एसपी डा. अनिल कुमार की ओर से 25 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की गई है।


एएसपी विनय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस और स्वाट टीम को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध लोग किसी कारोबारी को गोली मारने की योजना बना रहे हैं । ऐसे में पुलिस टीम हरकत में आई और डाफी के समीप एक कांप्लेक्स से पांच लोगों को दबोच लिया। जिनके पास से एक पिस्टल और चार तमंचे बरामद हुए हैं। पुलिस के



द्वारा हिरासत में लिए गए आरोपियों की शिनाख्त धीना थानाक्षेत्र के मांगलपुर निवासी अभिषेक मौर्य, कमलापुर के कृष्णा उर्फ बचवा उर्फ दरोगा, माधोपुर का किशन सिंह, सदर कोतवाली के धूरीकोट निवासी मुकेश यादव तथा सोनभद्र जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के मउवाकला निवासी संतोष कुमार धांगर के रूप में हुई। बताया कि पुलिस के द्वारा इसके पहले पांचों आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर और हिस्ट्रीशीटर की कार्रवाई किया जा चुका है।










## आय-व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम एवं एमसीएमसी रूम का किया निरीक्षण

# अखबारों के पेड न्यूज पर रखें नजर

**केटी न्यूज/मऊ**

विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत जनपद के विधानसभा क्षेत्र घोसी में उप निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात व्यय प्रेक्षक का जनपद में आगमन हो चुका है। आय-व्यय प्रेक्षक राम विश्नोई 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। आय-व्यय प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट परिसर के भूतल सभागार स्थित कंट्रोल रूम एवं एमसीएमसी रूम का निरीक्षण किया गया। कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक ने ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों को सीविजील ऐप, पीजीआरएस तथा हेल्प लाइन नंबर पर प्राप्त शिकायतों का तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।



उन्होंने उपस्थिति पंजिका के निरीक्षण के अलावा अब तक प्राप्त शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति की भी जानकारी लेते हुए ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों को निर्वाचन की गंभीरता को समझते हुए निष्पक्ष एवं ईमानदारी से अपनी ड्यूटी निभाने को कहा। एमसीएमसी कक्ष के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सह नोडल अधिकारी से एमसीएमसी हेतु निर्धारित कार्यों की जानकारी लेते हुए सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म्स पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अखबारों में निर्वाचन से संबंधित खबरों पर नजर रखने के साथ ही पेड न्यूज एवं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन वाली खबरों पर भी सतर्क नजर रखने को कहा। साथ ही, व्यय प्रेक्षक द्वारा अवलोकन टीम कक्ष एवं लेखा टीम कक्ष का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान सह नोडल अधिकारी एमसीएमसी, वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष कुशवाहा उपस्थित रहे।

**वीडियो सर्विलांस टीम की बढ़ाए संख्या :** विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत जनपद के विधानसभा क्षेत्र घोसी में होने वाले उप निर्वाचन की दृष्टिगत आय व्यय प्रेक्षक राम बिश्नोई की अध्यक्षता में उप निर्वाचन से संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों एवं प्रमुख अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक ने जनपद में कार्यरत कुल एफएसटी, एसएसटी एवं वीएसटी टीमों की संख्या तथा उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए वीएसटी टीमों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने एफएसटी एवं एसएसटी टीमों में महिला सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति करने के भी निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने जिला आबकारी अधिकारी को उप चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब की खरीद-बिक्री रोकने तथा पिछले 3 महीनों की बिक्री के औसत के आधार पर चुनाव के दृष्टिगत शराब बिक्री में वृद्धि पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने एलडीएम को बैंकों से अधिक रकम की निकासी पर भी विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त वाणिज्य कर तथा आयकर अधिकारी को भी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा।

## ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त पदों पर 06 सितंबर को होगा मतदान

मऊ। राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ की अधिसूचना दिनांक 16 अगस्त के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत ने बताया कि जनपद मऊ के ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त पदों/स्थानों जो न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो पर उप निर्वाचन विनिर्दिष्ट समय सारणी के अनुसार संपन्न कराए जाएंगे। जिसमें नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की अंतिम तिथि 22 अगस्त, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 23 अगस्त, नाम वापस 24 अगस्त तक, 24 अगस्त को प्रतीक आवंटन, 06 सितंबर को मतदान तथा 08 सितंबर को मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र के दाखिल करने इनकी जांच करने व उम्मीदवारी वापस लेने चुनाव चिन्ह आवंटन तथा मतगणना का कार्य संबंधित क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर होगा।

## राशन नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**मऊ।** कोपागंज विकासखंड के ग्रामसभा अब्बुपुर में दो महीने से कोटेदार द्वारा राशन वितरण नहीं किए जाने से नाराज ग्रामीणो ने शुक्रवार को सुबह कोटे की दुकान पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। वहीं राशन लेने के लिए वो धरने पर बैठ गए। वहीं, ग्रामीणों का उग्र तेवर देख कोटेदार वहां से फरार हो गया। एक घन्टे बाद ग्राम प्रधान ने कोटेदार को बुलाया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मई महीने में भी राशन नहीं मिला, लेकिन उस वक्त कोटेदार के बहाना बनाकर लोगों को शांत करा दिया था।



बताया जाता है कि सरकार द्वारा राशन के पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क राशन का वितरण कोटे की दुकानों से होता है। हालांकि कोरोना काल से सरकार ने गरीब परिवार के सदस्यों के लिए फ्री राशन वितरण शुरू किया था। जो परंपरा चालू हुई वह अब तक लोगों को मिल रहा है। वहीं कुछ लोगों की वजह से घपले बाजी कर गरीबों को मिलने वाला राशन बेच दिया जाता है और कहा जाता है कि राशन आया नही है। इसी मसले को लेकर ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ मोर्चा खोला। ग्रामीण चंद्रावती, बसंती, कुसुम, शांति मीरा, शिला, शकुंतला, मेवाती, लक्ष्मी, मनसा, नीलम, रामनरेश व अन्य मौजूद रहें।

## 28 को होगा समाधान दिवस का आयोजन

**मऊ।** सहायक आयुक्त उद्योग सगीर अहमद ने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन अनुभाग-3 उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों के पेंशन एवं अन्य सेवानवृत्तिक देयकों इत्यादि के लम्बित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के सम्बन्ध में दिनांक 01 अप्रैल 2018 से अब तक ऐसे सेवानिवृत्त कार्मिकों से प्रत्यावेदन / प्रार्थना पत्र प्राप्त करते हुए 28 अगस्त को समस्त जनपदीय कार्यालयों (खादी ग्रामोद्योग, हथकरघा, रेशम एवं जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र) मण्डलीय मुख्यालयों के साथ-साथ शासन स्तर पर समाधान दिवस का आयोजन किया किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त कार्मिक सम्बन्धी कार्यालय / शासन स्तर से सम्पर्क कर उक्त अवसर का लाभ उठा सकते हैं।







